## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक–04.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- पहला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स आज संपन्न, सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा– वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सर्जक बन रहे बेहतर कलाकार।
- केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश दुबे ने सीसीएल और सीएमपीडीआई की संयुक्त समीक्षा बैठक की, परियोजनाओं की प्रगति, सुरक्षा मानकों और नवाचारों को समयबद्ध तरीके से लागू करने के दिए निर्देश।
- रांची में अखिल भारतीय नौजवान संघ का राज्य सम्मेलन आयोजित, बड़ी संख्या में युवाओं ने लिया भाग, सरकार पर रोजगार और वादाखिलाफी को लेकर साधा गया निशाना।
- भाजपा ने कांग्रेस की संविधान बचाव रैली पर साधा निशाना, बाबूलाल मरांडी बोले– गांधी परिवार ने कई बार संविधान की अवहेलना की है।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने किया विधिवत् उद्घाटन।

******************

पहला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स आज संपन्न हो गया।

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सर्जक बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है। वे आज मुंबई में वेव्स के दौरान आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री जाजू ने कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चौलेंज–सीआईसी में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है।

उन्होंने कहा कि सरकार सीआईसी के सभी विजय संगीतकारों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय दौरों और प्रदर्शनों के लिए शामिल करेगी।

******************

रांची में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल और सीएमपीडीआई की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन, सुरक्षा मानकों, उत्पादन आँकड़ों और भविष्य की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। मंत्री ने सीसीएल की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, तकनीकी नवाचार अपनाने और पर्यावरणीय दृष्टिकोण पर बल देने के निर्देश दिए।

******************

रामगढ़ में कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पहलगाम हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि साजिश करने वाले नहीं बचेंगे। भुचुंगडीह की अवैध माइंस में लगी आग पर मंत्री ने बताया कि कोल विभाग इसे बुझाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सीसीएल के लक्ष्य से कम उत्पादन और आउटसोर्सिंग में स्थानीय नियुक्ति के मुद्दे पर सरकार नियम के तहत समाधान की कोशिश कर रही है।

******************

राजधानी रांची में अखिल भारतीय नौजवान संघ का पांचवां राज्य सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अजय कुमार सिंह और पूर्व आईएएस डॉक्टर रनेंद्र कुमार समेत कई युवा शामिल हुए। मौके पर अजय कुमार सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया और कहा कि रोजगार और बेरोजगारी भत्ता सिर्फ वादे बनकर रह गए हैं।

******************

सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज नीट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था की समीक्षा की और बताया कि सभी नियमों का सख्ती से पालन किया गया।

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 200 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए और उत्तर पुस्तिकाएं भी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम भेजी जाएंगी।

******************

प्रदेश कांग्रेस 6 मई को रांची के पुराने विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ रैली के जरिए अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। रैली को सफल बनाने के लिए सरायकेला–खरसावां जिले से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसे लेकर प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने की साजिश कर रही है, और यह रैली उसका जवाब होगी।

******************

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर तीखा हमला बोला। रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने कई बार संविधान की अवहेलना की है। उन्होंने आपातकाल, डॉक्टर अंबेडकर के अपमान और झारखंड में डीजीपी पद की रिक्ति जैसे मुद्दों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।

******************

देवघर एम्स में न्यूरोसर्जरी विभाग का ओपीडी मरीजों के लिए शुरू कर दिया गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

कुछ संक्षिप्त खबरें–

- सरायकेला खरसावां के चांडिल में ओल चिकी लिपि के शताब्दी वर्ष मिशन ओल चिकी के तहत संथाली प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के कुल 173 छात्रों ने भाग लिया।
- खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम बिचना में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक घर से आठ अवैध जिंदा गोलियां बरामद की।
- सरायकेला ज़िला में 23 से 25 मई तक निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक आनंद अग्रवाल ने बताया कि प्रमंडल स्तर पर प्रचार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रांची, चतरा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा और लातेहार जिलों में अगले 3 घंटों के भीतर मध्यम गर्जन, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

******************

18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए मेगा खेल आयोजन "खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025" बिहार के पटना में रंगारंग और भव्य समारोह के साथ शुरू हुआ। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका विधिवत् उद्घाटन किया।

*******समाप्त********